# डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर में उत्तर प्रदेश ने बनाया रिकॉर्ड

drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-made-record-in-direct-benefit-transfer

## चर्चा में क्यों?

7 नवंबर, 2021 को राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के तहत राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 2.75 लाख करोड़ रुपए का वितरण कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

## प्रमुख बिंदु

- प्रवक्ता के अनुसार राज्य सरकार द्वारा 27 विभागों की 137 योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में 2.75 लाख करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई, जैसे-
    - 2020 में अप्रत्याशित कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान लाखों किसानों, नरेगा श्रमिकों, अन्य राज्यों के मज़दूरों, महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों और पेंशनभोगियों के खातों में सीधे पैसा भेजा गया।
    - उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के 86 लाख छोटे सीमांत किसानों के 36,000 करोड़ रुपए के कर्ज़ माफ किये और राशि को डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित किया गया।
    - पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 2.54 करोड़ से ज़्यादा किसानों के खातों में डीबीटी के ज़रिये 27,521 करोड़ रुपए भेजे जा चुके हैं।
    - 6 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म समय पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों के अभिभावकों के खाते में यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते और स्कूल बैग खरीदने के लिये 1100 रुपए ट्रांसफर किये गए। इस योजना से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों और गैर-सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को लाभ होगा।
- उल्लेखनीय है कि डीबीटी भारत सरकार द्वारा 1 जनवरी, 2013 को सरकारी वितरण प्रणाली में सुधार के तरीके के रूप में शुरू की गई एक पहल है।